नोएडा > शुक्रवार, 14 सितंबर 2018 > भाद्रपद 23 शक संवत 1940 भाद्रपद शुक्ल पंचमी विक्रम 2075
YOUNG INDIA > YOUNG PAPER
पेज 24* > मूल्य 3.00 या 7.00 रुपये द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित
www.nbt.in

NBT
नवभारत टाइम्स

जेटली पर राहुल ने लगाए आरोप
देखें अंदर



जेवर एयरपोर्ट के पास बनेगा सबसे बड़ा हैंडीक्राफ्ट क्लस्टर

करीब दो हजार करोड़ रुपये का होगा निवेश

■ एनबीटी न्यूज, यमुना सिटी

जेवर एयरपोर्ट की मंजूरी मिलने से यमुना अथॉरिटी एरिया में रोजगार के रास्ते खुलने लगे हैं। इसके पास देश का सबसे बड़ा हैंडीक्राफ्ट क्लस्टर बनेगा। जिसमें 15000 लोगों को सीधे रोजगार मिलेगा।

इसके लिए यमुना अथॉरिटी ने 100 एकड़ जमीन अलॉट कर दी है। एक ही छत के तले 200 यूनिट लगेंगी। पहले चरण में दो हजार करोड़ का निवेश होगा। इसके लिए (ईपीसीएच) एक्सपोर्ट प्रमोशन काउसिंल फॉर हैंडीक्राफ्ट की ओर से यमुना अथॉरिटी में क्लस्टर का ले-आउट प्लान, डीपीआर समेत अन्य जरूरी पेपर भी जमा करा दिए गए हैं।

यमुना अथॉरिटी के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि ईपीसीएच के प्रपोजल को अथॉरिटी की इंडस्टियल समिति ने मंजूरी देते हुए सेक्टर 29 में जमीन अलॉट करने का फैसला लिया है। इस प्रॉजेक्ट को इंडस्ट्रियल सेक्टर 29 में जो कि जेवर एयरपोर्ट और यमुना एक्सप्रेसवे से सटा हुआ बसाया जा रहा है। जल्दी की निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। अगले तीन साल में प्रॉजेक्ट बनाकर तैयार करने की योजना है।

15,000
लोगों को मिलेगा रोजगार

100
एकड़ जमीन अलॉट की है यमुना अथॉरिटी ने